# शिया पी. जी. कालेज

[लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त मुस्लिम (शिया) अल्पसंख्यक संस्था]
कला, विज्ञान, वाणिज्य और विधि संकायों में छात्र एवं छात्राओं के शिक्षण हेतु।
सीतापुर रोड, लखनऊ - 226020 (उ0 प्र0) भारत।]

वेबसाइट : www.shiapgcollege.ac.in ई-मेल : info@shiapgcollege.in फोन : 0522-6450005


**डॉ. मोहम्मद मियाँ**
**प्राचार्य (कार्यवाहक)**

**पत्रांक : ..................................**
**दिनांक : 29.07.2020**

## आवश्यक सूचना

कोविड–19 के दृष्टिगत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुपालन में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा दि0 18.07.2020 को अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के छात्रों की परीक्षा कराये जाने एवं अन्य कक्षाओं के छात्रों को प्रोन्नत करने के लिये गठित समिति ने अपनी बैठक करके गाइडलाइन तैयार की है जिसके प्रमुख बिन्दु इस प्रकार है :–

### 1. वार्षिक परीक्षाओं के सम्बन्ध में :–

A. **बी0कॉम0 अंतिम वर्ष** की परीक्षायें एम0सी0क्यू0 प्रणाली से होंगी। बी0कॉम0 में 04 ग्रुप होते हैं और प्रत्येक ग्रुप में 02 प्रश्नपत्र होते हैं। बैठक में तय किया गया कि एक ग्रुप की दोनों पेपर की परीक्षा एक दिन में एक ही पाली में सम्पादित होगी जिसमें **A=100, B=100** प्रश्न होंगे जिसमें **50-50** प्रश्न छात्र को करने होंगे। परीक्षा के लिये 02 घण्टें (120 मिनट) का समय दिया जायेगा।

B. **बी0ए0 अंतिम वर्ष** की परीक्षायें एम0सी0क्यू0 प्रणाली से होंगी। बी0ए0 अंतिम वर्ष में प्रत्येक छात्र के पास 02 विषय होते हैं जिनके **03–03 प्रश्नपत्र** होते हैं। बैठक में तय हुआ कि एक विषय के तीनों प्रश्नपत्र **A=50, B=50, C=50** एक साथ एक ही दिन एक ही पाली में करा लिये जायें जिसमें छात्रों को **25–25 प्रश्न** करने का विकल्प होगा। तीनों प्रश्नपत्र एक ही साथ होंगे और **02 घण्टे (120 मिनट)** का समय दिया जायेगा।

C. **बी0एससी0 अंतिम वर्ष** की परीक्षायें एम0सी0क्यू0 प्रणाली से होंगी। बी0एससी0 अंतिम वर्ष में प्रत्येक छात्र के पास 02 विषय होते हैं जिनके 03–03 प्रश्नपत्र होते हैं। बैठक में तय हुआ कि एक विषय के तीनों प्रश्नपत्र **A=50, B=50, C=50** एक साथ एक ही दिन एक ही पाली में करा लिये जायें जिसमें छात्रों को 25–25 प्रश्न करने का विकल्प होगा। तीनों प्रश्नपत्र एक ही साथ होंगे और 02 घण्टे (120 मिनट) का समय दिया जायेगा।

प्रयोगात्मक तथा मौखिक परीक्षा आदि के अंक पोर्टल पर अपलोड किये जायेंगे।

**D. एम0कॉम0 अंतिम सेमेस्टर** की परीक्षायें एम0सी0क्यू0 प्रणाली से होंगी। प्रत्येक प्रश्न पत्र में 70 प्रश्न दिये जायेंगे जिनमें से 35 प्रश्न करने होंगे। प्रश्न पत्र करने के लिये 60 मिनट का समय दिया जायेगा। मौखिकी व डिजरटेशन परीक्षा विभाग में सम्पादित होगी और उनके अंक पोर्टल पर अपलोड किये जायेंगे। आंतरिक परीक्षा के अंक विगत सेमेस्टर में दिये गये आंतरिक परीक्षाओं के अंको से औसत निकालकर प्रदान किये जायेंगे।

**E. एम0ए0 अंतिम सेमेस्टर** की परीक्षायें एम0सी0क्यू0 प्रणाली से होंगी। प्रत्येक प्रश्न पत्र में 70 प्रश्न दिये जायेंगे जिनमें से 35 प्रश्न करने होंगे। प्रश्न पत्र करने के लिये 60 मिनट का समय दिया जायेगा। मौखिकी व डिजरटेशन परीक्षा विभाग में सम्पादित होगी और उनके अंक पोर्टल पर अपलोड किये जायेंगे। आंतरिक परीक्षा के अंक विगत सेमेस्टर में दिये गये आंतरिक परीक्षाओं के अंको से औसत निकालकर प्रदान किये जायेंगे।

**F. एम0एससी0 अंतिम सेमेस्टर** की परीक्षायें एम0सी0क्यू0 प्रणाली से होंगी। प्रत्येक प्रश्न पत्र में 70 प्रश्न दिये जायेंगे जिनमें से 35 प्रश्न करने होंगे। प्रश्न पत्र करने के लिये 60 मिनट का समय दिया जायेगा। प्रयोगात्मक, मौखिकी, प्रयोगशाला में प्रतिभाग व डिजरटेशन परीक्षा विभाग में सम्पादित होगी और उनके अंक पोर्टल पर अपलोड किये जायेंगे। आंतरिक परीक्षा के अंक विगत सेमेस्टर में दिये गये आंतरिक परीक्षाओं के अंको से औसत निकालकर प्रदान किये जायेंगे।

**G. विधि अंतिम सेमेस्टर** की परीक्षायें एम0सी0क्यू0 प्रणाली से होंगी। कुल 07 प्रश्नपत्र होंगे और प्रत्येक प्रश्नपत्र में 100 प्रश्न दिये जायेंगे जिनमें 50 प्रश्न करने होंगे। परीक्षा की अवधि 60 मिनट होगी। मौखिकी, मूट कोर्ट आदि में प्रतिभाग व डिजरटेशन परीक्षा विभाग में सम्पादित होगी और उनके अंक पोर्टल पर अपलोड किये जायेंगे।

## 2. अंतिम वर्ष व अंतिम सेमेस्टर को छोड़कर अन्य सम सेमेस्टर के छात्रों को प्रोन्नत करने के सम्बन्ध में :–

स्नातक से लेकर परास्नातक तक अंतिम सेमेस्टर को छोड़कर सभी सेमेस्टर के छात्रों को प्रोन्नत किया जायेगा। प्रोन्नत करने के लिये फार्मूले का भी निर्धारण किया गया है।

**A. स्नातक स्तर पर प्रोन्नति का फार्मूला:–** स्नातक स्तर पर छात्रों को प्रोन्नत करने के लिये उनके पिछले सेमेस्टर के अंको को आधार बनाकर प्रोन्नत किये जाने वाले सेमेस्टर के अंको का निर्धारण किया जायेगा। इस फार्मूले को निम्नलिखित तालिका के उदाहरण से समझा जा सकता है।

### तालिका–01 (प्रथम सेमेस्टर)

| Subject/Paper | Ext. Max. Marks | Ext. Min. Marks | Ext. Marks Obt. | Int. Marks (20) | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| **First : I** | 80 | 27 | 56 | 15 | 71 |
| **II** | 80 | 27 | 48 | 14 | 62 |
| **Second : I** | 80 | 27 | 50 | 16 | 66 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| II | 80 | 27 | 45 | 15 | 60 |
| **Third : I** | 80 | 27 | 40 | 14 | 54 |
| II | 80 | 27 | 49 | 16 | 65 |
| | | | **Grant Total** | **Min. 216** | **378/600** |

प्रथम सेमेस्टर में अभ्यर्थी के अंक 63 प्रतिशत थे इसका मतलब हुआ उसको 100 में 63 अंक मिले थे। अब प्रोन्नत के लिये लिखित परीक्षा में 80 का 63 प्रतिशत निकाला जायेगा, जो 50.4 प्रतिशत होगा। इसको प्रोजेक्टेड अंक माना जायेगा। राउंड ऑफ करके इसको 50 प्रतिशत मान लिया जायेगा। इसी तरह इंटरनल परीक्षा में भी गणना की जायेगी। इसके बाद पिछले सेमेस्टर के अंक और इस सेमेस्टर के प्रोन्नति के लिये प्रोजेक्टेड अंक को जोड़कर और 2 से भाग करके प्रोन्नत के अंतिम अंक निकाल लिये जायेंगे, जिसको निम्नलिखित तालिका से समझा जा सकता है।

### तालिका–02 (प्रोजेक्टेड अंक द्वितीय सेमेस्टर)

| Subject/Paper | Ext. Max. Marks | Ext. Min. Marks | Ext. Marks Obt. | Int. Marks (20) | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| **First : I** | 80 | 27 | 56+52/2=53 | 15+13/2=14 | 67 |
| **II/Practical** | 80 | 27 | 48+50/2=49 | 14+13/2=14 | 63 |
| **Second : I** | 80 | 27 | 50+50/2=50 | 16+13/2=15 | 65 |
| **II/Practical** | 80 | 27 | 45+50/2=48 | 15+13/2=14 | 62 |
| **Third : I** | 80 | 27 | 40+50=45 | 14+13=14 | 59 |
| **II/Practical** | 80 | 27 | 49+50=50 | 16+13=15 | 65 |
| | | | **Grant Total** | **Min. 216** | **381/600** |

आंतरिक अंक और प्रयोगात्मक अंक पिछले सेमेस्टर के औसत अंक और प्रोजेक्टेड अंक के आधार पर निर्धारित होंगे। इस सेमेस्टर के किसी भी तरह की आंतरिक व प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन नही होगा।

**B. परास्नातक स्तर पर प्रोन्नति का फाम्ला**—स्नातक की तरह परास्नातक में भी पिछले सेमेस्टर के औसत अंको को आधार बनाकर इस सेमेस्टर के प्रोन्नत अंको को निर्धारित किया जायेगा। जिसका तरीका निम्नलिखित तालिका से समझा जा सकता है :—

### तालिका–03 (प्रथम सेमेस्टर)

| Paper | Ext. Max. Marks | Ext. Min. Marks | Ext. Marks Obt. | Int. Marks (30) | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| **I** | 70 | 24 | 48 | 25 | 73 |
| **II** | 70 | 24 | 48 | 22 | 70 |
| **III** | 70 | 24 | 50 | 21 | 71 |
| **IV** | 70 | 24 | 45 | 23 | 68 |
| **V** | 70 | 24 | 40 | 25 | 65 |

| | Grant Total | Min. 180 | 347/500 |
|---|---|---|---|

अभ्यर्थी के पिछले सेमेस्टर में अंक 69.4 प्रतिशत थे जिसको राउंड ऑफ करके 69 प्रतिशत मान लिया जायेगा। इसके आधार पर लिखित परीक्षा में 70 का 69 प्रतिशत 48.3 होगा जिसको राउंड ऑफ करके 48 मान लिया जायेगा। फिर इस 48 प्रतिशत को प्रोजेक्टेड अंक मानकर पिछले सेमेस्टर के अंक से जोड़कर 2 से भाग कर दिया जायेगा जो निम्नलिखित सारणी से समझा जा सकता है।

**तालिका–04 (प्रोजेक्टेड अंक द्वितीय सेमेस्टर)**

| Paper | Ext. Max. Marks | Ext. Min. Marks | Ext. Marks Obt. | Int. Marks (30) | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| **I** | 70 | 24 | 48+48/2=48 | 25+21/2=23 | 71 |
| **II** | 70 | 24 | 48+48/2=48 | 22+21/2=22 | 70 |
| **III** | 70 | 24 | 50+48/2=49 | 21+21/2=21 | 70 |
| **IV** | 70 | 24 | 45+48/2=47 | 23+21/2=22 | 69 |
| **V** | 70 | 24 | 40+48/2=44 | 25+21/2=23 | 67 |
| | | | **Grant Total** | **Min. 180** | **347/500** |

**C. अनुत्तीर्ण व अनुपस्थित छात्रों के सम्बन्ध में :– पिछले सेमेस्टर में किसी भी प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित छात्र/छात्रा को आधार अंक देकर उत्तीर्ण कर परीक्षाफल उपरोक्त फार्मूले के आधार पर ही प्रोन्नत कर दिया जायेगा** और ऐसे छात्रों को भविष्य में **अंकसुधार** हेतु अतिरिक्त अवसर भी प्रदान किया जायेगा। स्नातक पाठ्यक्रम में चतुर्थ से पांचवे सेमेस्टर में प्रोन्नति के लिये वर्तमान में व्यवस्था है कि विद्यार्थी प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर में उत्तीर्ण हो। अतः ऐसे विद्यार्थी जो प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा पूर्व में उत्तीर्ण कर चुके हैं लेकिन द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण नही कर पाये, उनका द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाफल उपरोक्त फार्मूले के आधार पर बना दिया जायेगा क्योंकि द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा सम्पन्न नही हो पाई है।

## 3. प्रोन्नति के बाद फीस जमा करने के सम्बन्ध में :–

- स्नातक, द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के जो छात्र/छात्रायें उपरोक्त फार्मूले के अनुसार प्रोन्नत किये जायेंगे उनको तृतीय व पंचम सेमेस्टर की फीस ऑनलाइन विधि से जमा करनी होगी।
- कोविड–19 की परिस्थितियों को देखते हुये फीस जमा करने के बाद इनकी काउंसिलिंग भी भौतिक रूप से कर पाना सम्भव नही होगा। उसको भी ऑनलाइन विधि से संचालित किया जायेगा जिसका दिशा–निर्देश अलग से जारी किया जायेगा।
- परास्नातक, द्वितीय सेमेस्टर के जो छात्र/छात्रायें उपरोक्त फार्मूले के अनुसार प्रोन्नत किये जायेंगे उनको तृतीय सेमेस्टर की फीस ऑनलाइन विधि से जमा करनी होगी और उनकी काउंसिलिंग भी ऑनलाइन विधि से संचालित की जायेगी।

- **स्नातक तृतीय सेमेस्टर व स्नातक पंचम सेमेस्टर तथा परास्नातक तृतीय सेमेस्टर की फीस जमा करने की अंतिम तिथि 03 अगस्त नहो है।** इसकी सूचना अलग से फीस जमा करने की सूचना के साथ दी जायेगी।
- **स्नातक तृतीय, पंचम व परास्नातक तृतीय सेमेस्टर की कक्षायें ऑनलाइन विधि से 4 अगस्त, 2020 से संचालित होंगी।** कक्षाओं का टाइम–टेबिल कॉलेज की वेबसाइट **www.shiacollege.org** पर **दिनांक 31 जुलाई, 2020 तक** अपलोड कर दिया जायेगा।

भवदीय



**(डॉ0 मोहम्मद मियाँ)**
प्राचार्य (कार्यवाहक)